## बच्चा चोर के शक में बेदम पिटाई: अस्पताल परिसर बना अखाड़ा

**शहडोल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के पाली रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उस समय सनसनी फैल गई, जब बच्चा चोर-बच्चा चोर के शोर से पूरा परिसर गूंज उठा। अफवाह और गलतफहमी की आग ऐसी भडक़ी कि आक्रोशित भीड़ ने कानून को हाथ में लेते हुए एक युवक की बेरहमी से ऑन-द-स्पॉट धुनाई कर दी। अस्पताल परिसर देखते ही देखते जंग का मैदान बन गया और लोग युवक पर लात-घूंसे बरसाते रहे।

### मासूम को बिस्किट खिलाना पड़ा भारी

जानकारी के मुताबिक, बुढार निवासी एक युवक अस्पताल परिसर में खड़ा था। इसी दौरान उसने वहां मौजूद एक मासूम बच्चे को दुलारते हुए बिस्किट खिलाया और गोदी में उठा लिया। बस, फिर क्या था, इस हरकत को देख बच्चे के परिजनों का माथा ठनका। उन्होंने युवक को बच्चा चोर समझकर शोर मचा दिया। आवाज सुनते ही अस्पताल में मौजूद तीमारदारों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ ने युवक को घेर लिया। बिना सच्चाई जाने, आक्रोशित भीड़ उस पर टूट पड़ी और उसकी जमकर खातिरदारी कर डाली।

### पुलिस वैन में भी बरसे घूंसे, वीडियो वायरल

हंगामे की खबर मिलते ही कोतवाली पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और लहूलुहान हो रहे युवक को भीड़ के चंगुल से छुड़ाया। हद तो तब हो गई जब पुलिस वाहन में बैठाने के दौरान भी कुछ उपद्रवी युवक को पीटते रहे। सरेआम हुई इस तालिबानी मारपीट का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### और अंत में फुस्स निकली बच्चा चोर की अफवाह

कोतवाली थाने में जब पुलिस ने युवक की कुंडली खंगाली, तो चौंकाने वाली हकीकत सामने आई। उप निरीक्षक उपेंद्र त्रिपाठी ने बताया युवक का अपनी पत्नी से पारिवारिक विवाद चल रहा था। पत्नी की तबीयत खराब होने की सूचना पर वह अस्पताल में उसका इंतजार कर रहा था। जांच में वह नशे की हालत में पाया गया और बच्चा चोरी जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। भीड़ ने विशुद्ध रूप से गलतफहमी में आकर कानून हाथ में लिया। पुलिस ने पूछताछ और आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद युवक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। लेकिन इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि सोशल मीडिया की अफवाहों और बिना सोचे-समझे उग्र होने वाली भीड़ का कानून के प्रति खौफ खत्म हो चुका है।

### इनका कहना है...

प्रारंभिक जांच में बच्चा चोरी जैसी किसी घटना की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

**राजेंद्र मोहन दुबे**
सीएसपी, शहडोल

## जिला शांति समिति की बैठक आज

**शहडोल।** अपर कलेक्टर शहडोल ने बताया कि 16 जुलाई 2026 को भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा का आयोजन एवं 26 जून को मोहर्रम का त्यौहार मनाया जाना है। उक्त रथयात्रा एवं त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु 22 जून को दोपहर 3 बजे से शांति समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में आमंत्रित सदस्यों को समय पर उपस्थित होने के लिए कहा कहा गया है।

## 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगमय हुआ विराट नगर

# महात्मा गांधी स्टेडियम में उमड़ा जनसैलाब

शहडोल।










योग करें, स्वस्थ रहें, संतुलित रहें के महामंत्र के साथ जिले में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बेहद गरिमामय और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब भोर की पहली किरण के साथ ही पूरा विराट नगर योगमय हो गया। हजारों की संख्या में पहुंचे नागरिकों ने एक सुर, एक ताल में योगाभ्यास कर स्वस्थ और समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

### सूर्योदय की ऊर्जा को भीतर समाहित करें: सांसद

जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शहडोल संसदीय क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनसमुदाय को प्रेरित करते हुए सांसद ने कहा योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि हमारी ऋषि परंपरा की वह अमूल्य धरोहर है जो तन और मन दोनों को संतुलित करती है। योग के नियमित अभ्यास से ही स्वस्थ जीवन का मार्ग प्रशस्त होता है। उठिए, सूर्योदय की ऊर्जा को अपने भीतर समाहित कीजिए और अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का अटूट संकल्प लीजिए।

### पीएम मोदी का लाइव संबोधन सुना

महात्मा गांधी स्टेडियम में विशाल एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री के लाइव संबोधन को वर्चुअली देखा और सुना गया। इसके बाद योग प्रशिक्षक सूर्य प्रकाश तिवारी, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, रामरूद पटेल, सुश्री मीनाक्षी तिवारी और श्रीमती नीलिमा शर्मा के कुशल निर्देशन में कपालभाति, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास किया गया। इस वृहद आयोजन में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग, नीलम चतुर्वेदी, रविंद्र वर्मा जैसी प्रशासनिक हस्तियों ने शिरकत की। साथ ही जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, खिलाडिय़ों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और भारी संख्या में आम नागरिकों ने चटाई बिछाकर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शानदार संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे द्वारा किया गया।

### शहर से लेकर गांवों तक योग की धूम

योग दिवस का यह उल्लास सिर्फ जिला मुख्यालय तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्रामीण अंचलों में भी इसकी गूंज सुनाई दी। जिले की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सेमरा और ग्राम पंचायत बोचरों सहित विभिन्न ग्रामों में सामूहिक योग एवं ध्यान कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने बढ़-चढक़र इस अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान वक्ताओं ने ग्रामीणों को बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को चमकाता है, बल्कि मानसिक शांति, एकाग्रता और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का दृढ़ संकल्प लिया।

### विधायक जयसिंह मरावी रहे मुख्य अतिथि

बुढार के शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य उत्सव मनाया गया। यहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी ने नागरिकों और विद्यार्थियों के साथ योग किया। उन्होंने कहा कि योग हमारी भारतीय संस्कृति की वह अमूल्य धरोहर है, जो मनुष्य को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से पूरी तरह संतुलित रखती है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में योग कार्यक्रम संपन्न




**जयसिंहनगर।** विश्वभर में मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयसिंहनगर के प्रांगण में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य श्री राजीव तिवारी के अध्यक्षता में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर, पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का योग दिवस के अवसर पर दिया गया प्रेरणादायी संदेश उपस्थित जनसमूह को सुनाया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा मंडल करकी राजेश द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति और वैदिक परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसने संपूर्ण विश्व को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों एवं संतों ने योग के माध्यम से मानव जीवन को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं जीवन में संतुलन स्थापित करने का सशक्त साधन है।उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में सीमित संसाधनों के बावजूद लोग योग, प्राकृतिक जीवनशैली और अनुशासित दिनचर्या के कारण स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन व्यतीत करते थे। आज के तनावपूर्ण और भागदौड़ भरे जीवन में योग की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। उन्होंने सभी उपस्थित जनों से प्रतिदिन योग करने तथा इसे अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा जयसिंहनगर रामनारायण पांडेय ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करना समय की आवश्यकता है। योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास का आधार है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग तक योग के महत्व को पहुंचाने और इसके व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा योग के लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लेकर स्वस्थ जीवन के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय दिया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री राजीव तिवारी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की ऐसी अनमोल देन है, जो मानव जीवन को निरोग, संतुलित एवं सुखमय बनाती है। उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा मंडल जयसिंहनगर की मंडल अध्यक्ष श्रीमती जयश्री कचेर, बीआरसीसी श्री विश्वकर्मा, शिक्षक नीलेश द्विवेदी, पुष्पेंद्र सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, नीतेश द्विवेदी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, अनुशासन एवं राष्ट्रहित की भावना का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

## सदियों पुरानी ऐतिहासिक बावड़ी का हुआ पुनर्जीवन

**जनसहयोग और श्रमदान से लौटी प्राचीन धरोहर की पहचान**



**शहडोल।** जल संरक्षण एवं सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए नवांकुर संस्था सेक्टर क्रमांक-01 केशवाही एवं राधा ए जु के श न ल सोसाइटी, धनौरा के अध्यक्ष, सचिव एवं समस्त सदस्यगणों के अथक प्रयासों से ग्राम धनौरा में स्थित सदियों पुरानी ऐतिहासिक एवं ध्वस्तप्राय बावड़ी का पुनर्जीवन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

वर्षों से उपेक्षा, गंदगी, झाड़-झंखाड़ एवं मिट्टी से पूरी तरह भर चुकी इस प्राचीन बावड़ी का मूल स्वरूप लगभग समाप्त हो चुका था। संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जनसहयोग और श्रमदान के माध्यम से व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप बावड़ी की ऐतिहासिक सीढिय़ां, संरचना एवं प्राचीन स्वरूप पुनः उजागर हो सका। इस अभियान में ग्राम पंचायत धनौरा की सरपंच श्रीमती सुनीता बाई सिंह का विशेष सहयोग, मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन प्राप्त हुआ। उनके सहयोग से यह ऐतिहासिक धरोहर पुनः अपने वास्तविक स्वरूप में जनमानस के समक्ष स्थापित हो सकी। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह बावड़ी केवल जल संग्रहण का साधन नहीं, बल्कि पूर्वजों की उत्कृष्ट जल प्रबंधन प्रणाली, सांस्कृतिक विरासत एवं ऐतिहासिक गौरव का जीवंत प्रतीक है। ऐसी धरोहरों का संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। ग्रामीणों ने इस सराहनीय पहल की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए इसे जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन की दिशा में एक अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी प्रयास बताया। संस्था द्वारा भविष्य में भी प्राचीन जल स्रोतों, बावडिय़ों एवं ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर अभियान चलाने का संकल्प व्यक्त किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष, सचिव एवं समस्त सदस्यगणों सहित ग्रामवासियों ने जल संरक्षण और प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। जो समाज अपनी धरोहरों का सम्मान करता है, वही अपने भविष्य को सुरक्षित और समृद्ध बनाता है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ग्राम सेमरा में योग एवं ध्यान कार्यक्रम संपन्न



**शहडोल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सेमरा द्वारा योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास एवं ध्यान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को योग के महत्व एवं इसके विभिन्न स्वास्थ्य लाभों की जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत एवं जीवन संतुलित रहता है। साथ ही सभी को अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है। योग के माध्यम से स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा योग करें, स्वस्थ रहें और जीवन में संतुलन बनाए रखें का संदेश देते हुए किया गया।






## 6 महीने से खाक छान रहा पॉक्सो एक्ट का आरोपी मैहर से दबोचा

**देवलोंद।** कानून के लंबे हाथों से बचकर पिछले छह महीनों से फरार चल रहे पॉक्सो एक्ट के एक शातिर आरोपी को देवलोंद पुलिस ने आखिरकार दबोच लिया है। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को जिला मैहर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### रास्ते में रोककर की थी छेड़छाड़, तब से था फरार

मामला इसी साल 12 जनवरी 2026 का है, जब एक नाबालिग पीड़िता ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी जयमारूतीनंदन तिवारी 22 वर्ष निवासी गौटियान टोला (समान), ने उसका रास्ता रोककर न सिर्फ छेड़छाड़ की, बल्कि जुबान बंद रखने के लिए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तत्काल पॉक्सो एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया था, लेकिन भनक लगते ही आरोपी पुलिस को छकाकर फरार हो गया था।

### मुखबिर के जाल में फंसा मनचला

आरोपी की तलाश में जुटी देवलोंद पुलिस ने अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। 19 जून 2026 को सटीक सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उपनिरीक्षक दिलीप सिंह, प्रधान आरक्षक दिनेश शुक्ला और आरक्षक शिवेष त्रिपाठी की टीम ने मैहर में दबिश देकर आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के कठघरे में खड़ा कर दिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के मनचलों में हडक़ंप है।

## भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा ने मनाया योग दिवस



**शहडोल।** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा ने विश्व योग दिवस के अवसर पर स्थानीय टैगोर पार्क में योगाभ्यास किया। योग गुरु नीलेश शुक्ला ने परिषद के सभी उपस्थित सदस्यों को योग का महत्व बताते हुए योग्य अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि शरीर को सांसों के साथ जोडऩा ही योग है। हम जितना आसानी से योग क्रिया को करेंगे उसका प्रभाव उतना ही व्यापक होता है। दैनिक जीवन में योग के अभ्यास से हमेशा स्वस्थ रहा जा सकता है तथा सभी को योग को दैनिक व्यवहार में अपनाना चाहिए। आयोजन की जानकारी देते हुए परिषद के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बताया कि आयोजन के लिए पूर्वाभ्यास हेतु शाखा द्वारा विगत तीन दिनों से योगाभ्यास कराया जा रहा था। जिसमें विभिन्न प्रकार के आसन, प्राणायाम और मुद्राओं के शरीर पर पडऩे वाले प्रभाव और उसके लाभ के बारे में बताया गया। योगाभ्यास में परिषद के रीजनल संयोजक एस एस जौहरी, अशोक मोर, अजय शर्मा, रवि नेमा, भारती गुप्ता, प्रांतीय संयोजक रवींद्र गुप्ता, रेनू मिश्रा, वीरेंद्र सिंह,श्रीजा गुप्ता, नीरज एवं हेमा गुप्ता, गौरव मिश्रा, अखिलेश शर्मा, श्रीलेखा जौहरी, ममता नेमा, सूर्यांश आदि शामिल हुए।

खबर संक्षेप

### शा उत्कृष्ट विद्यालय कोतमा में किया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** 12 वी योग दिवस पर रविवार को शा उत्कृष्ट विद्यालय कोतमा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत स्थित विद्यालयों के स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम का आयोजन नगर स्थित कन्या उ मा वि की प्राचार्य श्रीमती निर्मला द्विवेदी के मुख्य आतिथ्य और विकासखंड शिक्षा अधिकारी सह उत्कृष्ट विद्यालय कोतमा के प्राचार्य आरके मिश्रा की अध्यक्षता में माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं योग की सम्पूर्ण गतिविधियां संस्था के शिक्षक संतोष चौबे द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उदबोधन संदेश का भी लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के अंत मे अध्यक्षीयीय उद्बोधन में आरके मिश्रा ने जीवन मे योग का महत्व बताते हुए सभी का कार्यक्रम उपस्थित होकर सफल बनाने के लिए आभार प्रकट किया। 12वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में आयुष विभाग की डॉक्टर संगीता प्रजापति के द्वारा योगाभ्यास कराया गया जिसमें लगभग 35 सदस्यों ने भाग लिया। योगाभ्यास के महत्व को समझाया गया योग और प्राणायाम का जीवन में क्या महत्व है बताते हुए शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए योग अति आवश्यक है योग करने के पश्चात योगाभ्यास करने वाले लोगों से फीडबैक भी लिए गए।

### बिजुरी पुलिस द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर विक्रम मुराब के द्वारा अवैध खनन पर कार्यवाही करने के लिए आदेशित किया गया है अतः अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन मे बिजुरी पुलिस के द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की गई। घटना का विवरण इस प्रकार है कि 20 जून को थाना बिजुरी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बिना वैध अनुमति के रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर ग्राम मझौली मे मुख्य सडक पर घेराबंदी की गई, कुछ समय बाद एक महिन्द्रा कंपनी का लाल रंग का ट्रेक्टर आता दिखायी दिया ट्रेक्टर चालक पुलिस की घेराबंदी देखकर टेक्टर ट्राली लोड रेत के खडा कर जंगल की तरफ भाग गया जिसका पीछा करने पर नही मिला। उक्त उक्तादा हालत मे प्राप्त वाहन एवं अवैध रेत कीमती लगभग 05 लाख 05 हजार को समक्ष गवाहो के जप्त किया जाकर थाना सुरक्षार्थ खडा किया गया तथा अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 303(2), 317(5) बीएनएस 4/21 खनिज अधिनियम का कायम कर विवेचना मे लिया गया है। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक विकास सिह, सउनि प्रदीप अग्निहोत्री, आरक्षक मनोज उपाध्याय, रवि सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य एवं उपयोगी धरोहरः डॉ. नियाज



**उमरिया।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में योग एवं मानसिक स्वास्थ्य विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत समाजशास्त्र विभाग के योग प्रशिक्षक डॉ. स्वराज पाल एवं क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र कनौजिया द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नियाज अहमद अंसारी ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि योग, व्यायाम एवं सत्कर्म हमारे शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं। योग प्रशिक्षक डॉ. स्वराज पाल ने विभिन्न सरल योग क्रियाओं एवं आसनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास से तनाव में कमी आती है तथा व्यक्ति स्वस्थ, प्रसन्न और ऊर्जावान जीवन व्यतीत कर सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी डॉ. परमेश्वर मरावी, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रभारी रेम सिंह हटीला, डॉ. विजय डावर, डॉ. अरुणेंद्र बहादुर, डॉ. राजेंद्र पटेल, डॉ. रिचा तिवारी, डॉ. रूपलता चतुर्वेदी, डॉ. रश्मि साकेत, डॉ. वीरेंद्र विश्वकर्मा, श्री कामता प्रसाद, उजियारे लाल बैगा सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने योगाभ्यास में सहभागिता की।

## इंदवार पंचायत में भ्रष्टाचार का खुला-खेल

# बिना काम कराए डकार गए लाखों की सरकारी राशि










### मजदूरों के पेट पर लात मार जेसीबी से हो रहा निर्माण कागजों पर फर्जी हाजिरी लगाकर सरपंच-सचिव ने भरी जेबें

मानपुर।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जहां एक तरफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार कर रहे हैं और गरीबों के कल्याण के लिए नित नई योजनाएं ला रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत इंदवार भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुकी है। यहां के रसूखदार सरपंच, सचिव और इंजीनियर की त्रिमूर्ति मिलकर सरकारी खजाने को दोनों हाथों से लूटने में मशगूल है। ताजा मामला खेल मैदान और स्टॉप डैम निर्माण में हुए घोटाले का है, जिसने पंचायत राज व्यवस्था को तार-तार कर दिया है।

#### मशीनों से निर्माण, मजदूर पलायन को मजबूर

शासन की स्पष्ट गाइडलाइन है कि पंचायत स्तर के निर्माण कार्यों में स्थानीय ग्रामीण मजदूरों को रोजगार दिया जाए, ताकि उनका भरण-पोषण हो सके, लेकिन इंदवार पंचायत में नियम-कायदों को ताक पर रख दिया गया है। यहां मजदूरों के हक पर डाका डालते हुए धड़ल्ले से जेसीबी और ट्रैक्टरों से काम कराया जा रहा है। नतीजतन, गांव की भोली-भाली जनता दाने-दाने को मोहताज होकर दो वक्त की रोटी के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करने को विवश है। भ्रष्ट गठजोड़ मशीनों से काम करवाकर, फर्जी मस्टर रोल भरकर और इंजीनियर से सांठगांठ कर धड़ल्ले से मूल्यांकन कराकर राशि का आहरण कर रहा है, जबकि स्टीमेट के हिसाब से काम अधूरा और बेहद घटिया स्तर का है।

#### 14 लाख की कागजी बाजीगरी

ग्राम पंचायत इंदवार के खेल मैदान के नाम पर भारी भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया है। धरातल पर बिना कोई पुख्ता निर्माण कार्य कराए ही शासन की करीब 12 से 14 लाख रुपए की राशि बंदरबांट कर निकाल ली गई। इस काले खेल को छिपाने के लिए बाकायदा फर्जी लोगों को खड़ा कर, उनकी तस्वीरें खींचकर और फर्जी मास्टर रोल तैयार कर शासन की आंखों में धूल झोंकी गई है। इतना ही नहीं, जाता खान भसैड नाला में बनाई गई एक पुलिया और दो स्टॉप डैम के निर्माण में भी जमकर मलाई काटी गई है। कागजों में इन कार्यों की लागत 20-20 लाख रुपए दर्शाई गई है, लेकिन यदि धरातल पर इसकी हकीकत देखी जाए तो महज 4 से 5 लाख रुपए का ही लीपापोती वाला काम हुआ है। बाकी की मोटी रकम साहबों और जन प्रतिनिधियों की जेबों की शोभा बढ़ा रही है।

#### तीखे सवालों पर साहब मौन

जब इस महाघोटाले को लेकर सचिव ज्वाला प्रसाद यादव से तीखे सवाल किए गए, तो उन्होंने रटा-रटाया जवाब देते हुए कहा कि ऐसा कुछ नहीं है, बिना काम कराए हमने एक रुपया नहीं निकाला, लेकिन जब उनसे पूछा गया कि अगर पैसा निकला है तो धरातल पर काम क्यों नहीं दिख रहा, तो उनके पास कोई जवाब नहीं था। वहीं दूसरी तरफ, जब जनता के प्रतिनिधि यानी सरपंच गजेंद्र बर्मन से इस संबंध में हकीकत जाननी चाही, तो उन्होंने हमेशा की तरह अभी मैं बिजी हूं, फ्री होकर बात करता हूं का जुमला उछाल दिया। इसके बाद न तो उनका फोन आया और न ही उन्होंने कोई सही जानकारी दी। साफ है कि सरपंच महोदय अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाडक़र सच को दबाना चाहते हैं।

#### दूध का दूध, पानी का पानी करने की मांग

इस खुली लूट के बाद अब इंदवार की त्रस्त जनता की उम्मीदें कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय और जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ओहरिया पर टिकी हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की किसी स्वतंत्र और उच्च स्तरीय टीम से निष्पक्ष जांच कराई जाए। मशीनों से हुए काम और फर्जी मस्टर रोल की बारीकी से जांच हो, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके और इन सफेदपोश भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे भेजा जा सके।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जैव विविधता केंद्र ताला में सामूहिक योग कार्यक्रम संपन्न

# योग शरीर और दिमाग दोनों को स्वस्थ रखने में सहायक होता हैः कलेक्टर







उमरिया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अंतर्गत जैव विविधता केंद्र ताला में भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के मुख्य आतिथ्य में अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, स्कूली विद्यार्थियों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक धरोहर है, जिसने आज पूरे विश्व में अपनी विशेष पहचान बनाई है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से संतुलित तथा भावनात्मक रूप से सशक्त बनता है।

कलेक्टर श्रीमती सहाय ने कहा कि आज की व्यस्त एवं तनावपूर्ण जीवनशैली में योग का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। योग में अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियां, आसन एवं प्राणायाम शरीर को लचीला एवं मजबूत बनाने के साथ-साथ मानसिक तनाव को कम करने में भी सहायक होते हैं। योग के माध्यम से व्यक्ति सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करता है तथा उसका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से प्रतिदिन योग करने का संकल्प लेने का आग्रह करते हुए कहा कि सुबह की ताजी हवा लाखों रुपये की दवा के समान होती है और नियमित योगाभ्यास से अनेक बीमारियों से स्वतः ही मुक्ति मिल सकती है।

कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने नागरिकों से कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के अंतर्गत विवाह, विवाह-विच्छेद (तलाक), भरण-पोषण, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण तथा लिव-इन रिलेशनशिप सहित विभिन्न सामाजिक एवं पारिवारिक विषयों पर पडऩे वाले संभावित प्रभावों का विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है। समान नागरिक संहिता जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जनसामान्य के सुझाव अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने सुझाव निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराएं। इच्छुक नागरिक अपने सुझाव 22 जून 2026 तक के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस अवसर पर कोलकाता से आयोजित प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी जैव विविधता केंद्र ताला में देखा एवं सुना गया। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके द्वारा दिए गए संदेशों से प्रेरणा प्राप्त की। प्रधानमंत्री ने योग को मानवता के कल्याण का माध्यम बताते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

योग कार्यक्रम में क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अनुपम सहाय, एसडीएम मानपुर सुश्री हरनीत कौर कलसी, ग्राम पंचायत ताला की सरपंच श्रीमती सहिला बानो, योग प्रशिक्षक, स्कूली छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुशील मिश्रा द्वारा किया गया।

### 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**उमरिया।** मध्यप्रदेश राज्य में मछलियों के प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम, 1972 की धारा 3(2) के अंतर्गत 16 जून 2026 से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस अवधि में प्रदेश की समस्त नदियों एवं जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन, मछली पालन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार ऐसे छोटे तालाब अथवा अन्य जल स्रोत, जिनका किसी नदी से कोई संबंध नहीं है तथा जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, उन्हें इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। इसके अतिरिक्त सभी नदियों एवं जलाशयों में बंद ऋतु के दौरान मत्स्याखेट पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) अधिनियम, 1981 की धारा 5 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष तक का कारावास अथवा पांच हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों दंड दिए जाने का प्रावधान है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने आमजन से अपील की है कि प्रतिबंध अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का

## सीएचसी मानपुर में अंगद बने बैठे हैं बाबू और वार्ड बॉय ट्रांसफर नियमों की उड़ रही धज्जियां

### सालों से एक ही सीट पर जमे कंप्यूटर ऑपरेटर और कर्मचारियों का बढ़ा हौसला

मानपुर।




जनपद पंचायत मानपुर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों मरीजों के इलाज के लिए कम और कर्मचारियों की तानाशाही के लिए ज्यादा सुर्खियों में है। यहां कंप्यूटर ऑपरेटर से लेकर वार्ड बॉय तक सालों से अंगद की तरह पैर जमाकर बैठे हुए हैं। शासन की ट्रांसफर पॉलिसी और गाइडलाइन को ठेंगा दिखाते हुए इन कर्मचारियों ने अस्पताल को अपनी जागीर समझ लिया है, जिससे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूरी तरह वेंटिलेटर पर आ चुकी हैं।

#### रसूख के दम पर नियमों का पोस्टमार्टम

सरकारी नियम कहते हैं कि किसी भी शासकीय विभाग में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कर्मचारियों का हर तीन से चार साल में ट्रांसफर होना अनिवार्य है। लेकिन मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में यह नियम रद्दी की टोकरी में पड़े नजर आते हैं। यहाँ कई ऐसे कंप्यूटर ऑपरेटर और वार्ड बॉय हैं जो सालों से एक ही जगह पर कुंडली मारकर बैठे हैं। एक ही स्थान पर लंबे समय तक जमे होने के कारण इन कर्मचारियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि ये मरीजों और उनके परिजनों से सीधे मुंह बात तक करना ग्वारा नहीं करते।

#### फेरबदल न होने से सुस्त पड़ी व्यवस्था, जनता त्रस्त

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे रसूख के कारण अस्पताल के भीतर एक मजबूत लॉबी बन चुकी है, जिसके चलते सुचारू रूप से स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। पर्ची काटने से लेकर वार्ड की व्यवस्थाओं तक में घोर लापरवाही बरती जा रही है।

#### उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से आस

इस अव्यवस्था से त्रस्त होकर अब क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और ग्रामीणों ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजेंद्र शुक्ल, उमरिया कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय और जिला स्वास्थ्य अधिकारी से सीधे हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों की पुरजोर मांग है कि मानपुर सीएचसी में सालों से जमे इन कंप्यूटर ऑपरेटरों और वार्ड बॉय का तत्काल फेरबदल (स्थानांतरण) कर इन्हें अन्य केंद्रों पर भेजा जाए, ताकि अस्पताल में नई कार्यप्रणाली लागू हो सके और गरीबों को बेहतर इलाज मिल सके।

# जैतहरी पुलिस द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध रेड कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज›जैतहरी।

19 जून को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि तिपान नदी के इमली घाट क्षेत्र में तीन ट्रैक्टर अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन कर रहे हैं। सूचना की तस्दीक एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना जैतहरी पुलिस द्वारा बताए गए स्थान पर रेड कार्रवाई की गई। मौके पर तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अवैध रूप से रेत से भरी हुई खड़ी मिलीं। हमराह स्टाफ की सहायता से तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों एवं उनके चालकों को पकड़ा गया। जांच के दौरान निम्न विवरण प्राप्त हुआ बिना नंबर का जॉन डियर कंपनी का ट्रैक्टर, मॉडल नंबर 5036, जिसकी हरे रंग की ट्रॉली में लगभग 03 घन मीटर रेत लोड थी। चालक ने अपना नाम जानकी राठौर पिता उधव राठौर, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम चोरभठी, थाना जैतहरी बताया। बिना नंबर का स्वराज कंपनी का ट्रैक्टर जिसकी नीले रंग की ट्रॉली में लगभग 03 घन मीटर रेत लोड थी। चालक ने अपना नाम घनश्याम राठौर पिता रामखेलावन राठौर, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम चोरभठी, थाना जैतहरी बताया। बिना नंबर का जॉन डियर कंपनी का ट्रैक्टर, मॉडल 5050, वर्ष 2023, जिसकी हरे रंग की ट्रॉली में लगभग 03 घन मीटर रेत लोड थी। चालक ने अपना नाम फूलचंद नापित पिता नत्थूलाल नापित, उम्र 48 वर्ष, निवासी ग्राम चोरभठी, थाना जैतहरी बताया। उक्त तीनों ट्रैक्टर चालकों को मौके पर नोटिस देकर ट्रॉली में लोड रेत की वैध परिवहन पर्ची (टी.पी.) एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली के दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि उनके पास रेत खनिज के परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज अथवा टी.पी. उपलब्ध नहीं है। प्रथम दृष्टया आरोपियों को अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर उक्त तीनों ट्रैक्टर मय रेत खनिज कुल कीमती 14,12,000 रु को कब्जे पुलिस लिया जाकर उनके विरुद्ध प्रचलित खनिज अधिनियम एवं अन्य संबंधित धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना जैतहरी के थाना प्रभारी निरीक्षक अमर वर्मा, उपनिरीक्षक जे.पी.एच. तिर्की, सहायक उपनिरीक्षक विनोद विश्वकर्मा, मणिराज सिंह, सुरेश कुमार कोरी एवं प्रधान आरक्षक दिनेश पाटील की सराहनीय भूमिका रही।

# जेबीसीसीआई-12 गठन में देरी पर भड़के एटक नेता हरिद्वार सिंह

### बोले-मजदूरों के अधिकारों से नहीं होने देंगे खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।

कोयला उद्योग में जेबीसीसीआई-12 के गठन में लगातार हो रही देरी को लेकर मजदूर संगठनों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। एटक के प्रख्यात मजदूर नेता हरिद्वार सिंह ने इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कोयला श्रमिकों के वेतन समझौते और भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को अनावश्यक रूप से लंबित रखना मजदूर हितों की उपेक्षा है। उन्होंने कहा कि जेबीसीसीआई-11 की अवधि समाप्त होने के बावजूद अब तक जेबीसीसीआई-12 का गठन नहीं किया जाना कोल इंडिया प्रबंधन एवं संबंधित अधिकारियों की उदासीनता को दर्शाता है। इसका सीधा असर लाखों कोयला कर्मचारियों एवं उनके परिवारों पर पड़ रहा है। महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन मजदूरों के वेतन और सुविधाओं को लेकर कोई ठोस पहल नहीं दिखाई दे रही है। हरिद्वार सिंह ने कहा कि कोयला मजदूरों ने देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इसलिए उनके अधिकारों और सम्मान की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।



उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही जेबीसीसीआई-12 का गठन कर वेतन समझौते की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो मजदूर संगठन चरणबद्ध एवं व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में 1 जुलाई को देश के सभी कोयला क्षेत्रों में मजदूर संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन के माध्यम से केंद्र सरकार, कोल प्रबंधन और संबंधित मंत्रालय तक मजदूरों की आवाज पहुंचाई जाएगी। एटक सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों ने सभी कोयला कर्मचारियों से एकजुट होकर आंदोलन में भाग लेने की अपील की है और कहा है कि यह लड़ाई केवल वेतन समझौते की नहीं बल्कि मजदूरों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की लड़ाई है।

# करें योग रहे निरोग, संतुलित स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या का बनाएं हिस्सा

हरिभूमि न्यूज कोतमा।



21 जून को विश्व योग दिवस पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देश अनुसार नवांकुर संस्था मां अंबे सेवा समिति एवं जीएस हितकारिणी सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में महाराजा मार्तंड विश्वविद्यालय कोतमा मे योग शिक्षक दिलीप शुक्ला के द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2026 कार्यक्रम कराया गया।

योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। इस कार्यक्रम उपस्थित मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक सरीमन साकेत, कॉलेज के प्राचार्य एवं समस्त स्टॉप नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिलीप शुक्ला एवं ओंकार सिंह, ग्राम पंचायत सचिव अंबिका शुक्ला, प्रस्फुटन समिति के राम सोनी, समाजसेवी सुरेश सोनी, नगर विकास प्रेस पोर्टल समिति से कीर्ति राज जैन एवं अन्य जनों की उपस्थित थी सामाजिक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आइए, हम सभी योग को अपनाकर स्वस्थ एवं निरोग भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर न्यायालय परिसर में न्यायिक अधिकारियों तथा उपजेल में बंदियों ने किया योगाभ्यास



**बुढ़ार।**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग के प्रति जागरूकता और स्वास्थ्य लाभ को लेकर योग कार्यक्रम न्यायालय परिसर तथा उपजेल बुढ़ार में किया गया और न्यायालय प्रांगण में मा. न्यायिक अधिकारियों तथा उपजेल में बंदियों ने योगाभ्यास किया। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल, श्री काशीनाथ सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती श्वेता तिवारी के निर्देशन में 15 जून से 21 जून तक विशेष योग अभियान चलाया गया।

तहसील विधिक सेवा समिति बुढ़ार के अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश मा. सुशील कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में योग अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत उपजेल बुढ़ार में समस्त बंदियों के लिए एक सप्ताह का योग शिविर आयोजित किया गया। उपजेल के जेलर विकास सिंह एवं जेल स्टाफ की मौजूदगी में बंदियों को नियमित रूप से योग साधना करवायी गई। उपजेल में आयोजित शिविर में बंदियों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न प्रकार के आसन और प्राणायाम कराये गये जिनमें - पादहस्तासन, वृक्षासन, भद्रासन, वज्रासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन तथा प्राणायाम मुख्यतः रहे।

**योग दिवस पर न्यायालय परिसर में हुआ सामूहिक योग** - योग अभियान के समापन अवसर पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर न्यायालय परिसर बुढ़ार में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारीगण, योग विशेषज्ञ और न्यायालयीन कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। न्यायिक अधिकारी मा. सुशील कुमार अग्रवाल (जिला न्यायाधीश बुढ़ार), मा. नरेंद्र कुमार भण्डारी (न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड) एवं माननीया दिव्या रामटेके (न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ खण्ड) ने शिविर में स्वयं सम्मिलित होकर सहभागिता प्रदान की और योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया। शिविर में योग ट्रेनर श्रीमती संगीता जैन एवं वीरेंद्र जैन तथा उनके सहपाठियों द्वारा उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों को योग साधना की बारीकियों से अवगत कराया और उन्होंने दैनिक जीवन में योग के महत्व, इसके वैज्ञानिक लाभ और विभिन्न बीमारियों से बचाव की जानकारियां साझा कीं।योग कार्यक्रम में न्यायालय के न्यायिक कर्मचारी नायब नाजिर राजकुमार पैकरा, मो. इरफान, रविन्द्र सोनवाने, मुकेश द्विवेदी, राखी बरमैया, मनोज पाल, आदित्य चैबे, आकाश वर्मन, संजय सेन, रामवचन साहू, झल्लूलाल, बालमीकी यादव, बसंतलाल, विजय मिश्रा, पीताम्बर सिंह, रामचरण तथा विधिक सहायता कर्मचारी विशाल कुमार मरावी सहित स्टाफ की उपस्थिति रही और सभी ने योग की विविध क्रियायें कीं।

## होम्योपैथिक औषधालय में नगर परिषद द्वारा योग दिवस कार्यक्रम का उत्साहमय किया गया आयोजन

### स्वस्थ एवं निरोगी बनाये रखने में योग की महती भूमिंकाः सौरभ श्रीवास्तव

**बुढार।** शासकीय होम्योपैथिक औषधालय बुढार के वार्ड क्र. 7 में नगर परिषद बुढार द्वारा रविवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का वृहद आयोजन किया गया, और योग के विविध योगासन कराया गया। नगर परिषद बुढार के सी.एम.ओ. सौरभ श्रीवास्तव के मुख्यातिथ तथा जिला आयुष अधिकारी श्रीमती शशिप्रभा पाण्डेय तथा अधिवक्ता ओमप्रकाश पाण्डेय के आतिथ्य में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सी.एम.ओ. सौरभ श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहाकि - व्यक्ति के जीवन में योग का महत्वपूर्ण योगदान है, यह क्रिया स्वस्थ व निरोगी बनाये रखने में अति सहायक है जिसे नित्य अपनाने की नितान्त आवश्यकता है।

योग के विविध क्रियाओं को प्रशिक्षित योगाचार्य रामकिशोर पाठक ने उपस्थित नागरिकों से करवाया और योग के लाभ से अवगत कराया। योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद के- राधिका तिवारी, अभय शुक्ला, तथा होम्योपैथिक औषधालय के स्वास्थ्य अमला तथा नागरिकों की भरपूर सहभागिता रही।






## खैरहा माइंस में चला प्रबंधन का डंडा: लंबे समय से जमे तकनीकी निरीक्षक का तबादला, बुढार साइडिंग भेजे गए, रोकने के प्रयास रहे बेअसर, प्रबंधन ने नहीं बदला फैसला; मुकेश तिवारी ने संभाली खैरहा माइंस की कमान

**बंगवार।** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की खैरहा भूमिगत माइंस में लंबे समय से पदस्थ तकनीकी निरीक्षक का आखिरकार स्थानांतरण बुढार साइडिंग कर दिया गया। काफी समय से इस तबादले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म था और संबंधित अधिकारी द्वारा स्थानांतरण रुकवाने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जाने की भी चर्चा रही, लेकिन प्रबंधन अपने निर्णय पर अडिग रहा और आदेश को प्रभावी करते हुए उन्हें बुढार साइडिंग के लिए कार्यमुक्त कर दिया।सूत्रों के अनुसार खैरहा भूमिगत माइंस में काफी माह से एक ही स्थान पर पदस्थ रहने के कारण प्रशासनिक फेरबदल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। खदान संचालन से जुड़े कई पक्षों द्वारा समय-समय पर बदलाव की मांग भी उठाई जा रही थी। ऐसे में प्रबंधन ने सभी पहलुओं की समीक्षा करने के बाद स्थानांतरण का निर्णय लिया, जिसे क्षेत्र में एक बड़े प्रशासनिक कदम के रूप में देखा जा रहा है।बताया जाता है कि स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद उसे निरस्त कराने अथवा स्थगित कराने के प्रयास भी हुए, लेकिन एसईसीएल प्रबंधन ने संगठनात्मक हितों को प्राथमिकता देते हुए कोई राहत नहीं दी। इससे यह संदेश गया है कि प्रशासनिक निर्णयों के मामले में प्रबंधन अब सख्त रुख अपनाने के मूड में है।इधर, रिक्त हुए पद पर बंगवार भूमिगत माइंस में पदस्थ मुकेश तिवारी को खैरहा भूमिगत माइंस की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने पदभार ग्रहण कर कार्य शुरू कर दिया है। कर्मचारियों और अधिकारियों को उम्मीद है कि उनके अनुभव का लाभ खदान संचालन को मिलेगा तथा कार्य व्यवस्था और अधिक सुचारु होगी।सबसे अधिक खुशी ट्रांसपोर्टर वर्ग में देखने को मिली। कई ट्रांसपोर्टरों ने प्रबंधन के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे निष्पक्ष और समय की मांग बताया। उनका कहना है कि समय-समय पर प्रशासनिक बदलाव से कार्यों में पारदर्शिता बढ़ती है और व्यवस्थाएं अधिक जवाबदेह बनती हैं।खैरहा माइंस में हुए इस तबादले को लेकर पूरे सोहागपुर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है। जानकारों का मानना है कि यह केवल एक स्थानांतरण नहीं, बल्कि प्रबंधन द्वारा कार्य संस्कृति और प्रशासनिक अनुशासन को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले दिनों में इसका असर खदान की कार्यप्रणाली और उत्पादन व्यवस्था पर भी दिखाई दे सकता है।मुख्य बातेंखैरहा भूमिगत माइंस के तकनीकी निरीक्षक का बुढार साइडिंग स्थानांतरण। तबादला रोकने के प्रयासों के बावजूद प्रबंधन फैसले पर कायम रहा।बंगवार माइंस से मुकेश तिवारी को खैरहा माइंस की जिम्मेदारी।

# रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट के सार्थक पहल से अग्निवीर में चयनित 6 युवाओं का गरिमामय सम्मान समारोह के मध्य किया गया सम्मानित

**बुढार।**

रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट के अंतर्गत सी.एस.आर.एवं सिक्योरिटी टीम के संयुक्त प्रयासों से क्षेत्र के युवाओं को पिछले 7-8 वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निःशुल्क कोचिंग एवं शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, और इस रचनात्मक पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्कूल एवं कॉलेज की शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराकर उनकी क्षमता के अनुरूप रोजगार के स्वर्णिम अवसर उपलब्ध कराना रहा है।

रिलायंस फाउंडेशन कोचिंग सेंटर में वर्तमान वर्ष में लगभग 80 युवाओं ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की तथा एयरपोर्ट ग्राउंड, लालपुर में शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिनमें से 24 से अधिक युवाओं ने अग्निवीर एवं पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षायें उत्तीर्ण कर शारीरिक एवं चिकित्सा परीक्षण में सहभागिता की, और हाल ही में घोषित अग्निवीर भर्ती परिणामों में क्षेत्र के 06 युवाओं का चयन हुआ जो इस अंचल के लिये अति महत्वपूर्ण रहा है।

रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट के माध्यम से विगत कई वर्षों से लगातार युवाओं का चयन भारतीय सेना, अग्निवीर, मध्यप्रदेश पुलिस, पटवारी, रेल्वे एवं रिलायंस सिक्योरिटी सहित विभिन्न संस्थानों में होता रहा है। अब तक एक सौ से अधिक युवा रोजगार प्राप्त कर अपने परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं, ऐसे चयनित युवाओं एवं उनके परिजनों के सम्मान हेतु रिलायंस फाउंडेशन रिसोर्स सेंटर में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट के साइट हेड राजेश वर्मा ने चयनित युवाओं एवं उनके परिजनों को शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंटकर सम्मानित किया।





रिलायंस सी.बी.एम. साइट हेड राजेश वर्मा ने चयनित युवाओं एवं उनके अभिभावकों को शुभकामना देते हुये कहाकि - यह उपलब्धि युवाओं की कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन एवं उनके माता-पिता के त्याग, समर्पण और संस्कारों का परिणाम है। साइट हेड श्री वर्मा नें कहाकि - रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट इस सफलता यात्रा में एक माध्यम बनकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि जिस समर्पण एवं परिश्रम से उन्होंने इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा को उत्तीर्ण किया है, उसी भावना के साथ देश सेवा में भी अपना सर्वोत्तम योगदान दें और क्षेत्र का नाम रोशन करें।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सी.एस.आर. हेड राजीव श्रीवास्तव ने रिलायंस सी.एस.आर. द्वारा संचालित कोचिंग की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि - यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है, प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा युवाओं को कक्षा एवं ऑनलाइन माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करायी जाती है, इसके साथ ही स्मार्ट क्लास, प्रोजेक्टर आधारित शिक्षण, नियमित टेस्ट, अध्ययन सामग्री, पुस्तकें, रजिस्टर एवं बैग जैसी सुविधायें भी उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर माहौल में तैयारी करने का अवसर मिलता है।

सिक्योरिटी हेड शाहनवाज खान ने बताया कि - रिलायंस की सिक्योरिटी टीम एवं सेवानिवृत्त सैनिकों द्वारा युवाओं को तकनीकी एवं शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण मैदान को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया गया है तथा प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया जाता है, जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है और वे भर्ती परीक्षाओं की चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना कर पाते हैं। रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट की यह सार्थक पहल क्षेत्र के युवाओं को रोजगारोन्मुखी अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाने की दिशा में निरंतर सार्थक प्रयास कर रही है, और विगत वर्षों से संचालित इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं वहीं बड़ी संख्या में युवा विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों में चयनित होकर अपने सपनों को साकार करने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास और देश की प्रगति में भी योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम के मध्य कोचिंग एवं शारीरिक प्रशिक्षण से जुड़े प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे 70 से अधिक युवा, चयनित अभ्यर्थी एवं उनके परिजन, रिलायंस सिक्योरिटी एवं सी.एस.आर. टीम के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. समीम ने किया गया।

## योग से स्वास्थ्य, सुरक्षा और उत्पादन का संगम: राजेंद्र-खैरहा उपक्षेत्र में दिखा उत्साहअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजेंद्र क्लब में जुटे अधिकारी, खान प्रबंधक बी. बालाकृष्णा ने दिया फिट रहने का मंत्र





**धनपुरी।**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एसईसीएल के राजेंद्र-खैरहा उपक्षेत्र स्थित राजेंद्र क्लब में रविवार को आयोजित योग शिविर स्वास्थ्य जागरूकता का केंद्र बन गया। सुबह से ही उपक्षेत्र के अधिकारी बड़ी संख्या में क्लब पहुंचे और सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग के प्रति प्रेरित करना तथा कार्यस्थल पर बेहतर स्वास्थ्य और सकारात्मक वातावरण को बढ़ावा देना रहा।योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित अधिकारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। साथ ही बताया कि नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक तनाव को भी दूर करता है। कार्यक्रम के दौरान योग के वैज्ञानिक महत्व और दैनिक जीवन में उसकी उपयोगिता पर भी विस्तार से चर्चा की गई।राजेंद्र माइंस के खान प्रबंधक बी. बालाकृष्णा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यस्त दिनचर्या के बावजूद प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट अवश्य निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और अनुशासित बनाने की एक संपूर्ण पद्धति है। नियमित योग से व्यक्ति शारीरिक रूप से मजबूत, मानसिक रूप से सकारात्मक और कार्य के प्रति अधिक समर्पित बनता है।उन्होंने कहा कि खदानों में कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिए फिटनेस सबसे बड़ी आवश्यकता है। स्वस्थ और ऊर्जावान कर्मचारी ही सुरक्षित कार्य संस्कृति को मजबूत करते हैं। जब कर्मचारी स्वस्थ होंगे तो उनका मन काम में अधिक लगेगा, कार्यक्षमता बढ़ेगी और इसका सीधा लाभ उत्पादन पर भी दिखाई देगा।कार्यक्रम में राजेंद्र-खैरहा उपक्षेत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगाभ्यास के बाद सभी ने नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।अति विशेषकोयला उत्पादन के लक्ष्य और व्यस्त कार्य वातावरण के बीच राजेंद्र-खैरहा उपक्षेत्र का यह आयोजन स्वास्थ्य और कार्य संस्कृति के बीच संतुलन का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया। प्रबंधन ने स्पष्ट संदेश दिया कि आधुनिक जीवन की चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए योग सबसे प्रभावी साधन है। योग से स्वस्थ शरीर, शांत मन, सुरक्षित कार्यस्थल और बेहतर उत्पादन—चारों लक्ष्यों को एक साथ प्राप्त किया जा सकता है। यही कारण है कि राजेंद्र-खैरहा उपक्षेत्र में योग दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ भविष्य की दिशा में सामूहिक संकल्प का प्रतीक बन गया।



## एनसीएल में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उत्साहपूर्वक आयोजित हुए योग कार्यक्रम

**सिंगरौली।** स्वस्थ आयु के लिए योग" थीम पर रविवार को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों, परियोजनाओं एवं इकाइयों में उत्साहपूर्वक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक (मानव संसाधन) श्री मनीष कुमार, निदेशक (तकनीकी) श्री आशुतोष द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय कुमार जायसवाल, श्रमिक संघ जेसीसी सदस्य श्री अजय कुमार, श्री श्यामधर दुबे, श्री लाल पुष्पराज सिंह, श्री अशोक पांडेय, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष , महाप्रबंधक तथा कृति महिला मंडल की उपाध्यक्षाएं, सदस्याएँ सहित बड़ी संख्या में कर्मियों ने योगाभ्यास किया।इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) श्री मनीष कुमार ने योग को भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाएं और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। उन्होंने सभी से स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली के लिए नियमित योग अपनाने तथा इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से एनसीएल परिवार ने स्वस्थ जीवन, मानसिक संतुलन एवं समग्र कल्याण के लिए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया।गौरतलब है कि 12वें योग दिवस पर विभिन्न परियोजनाओं में विशेष योग बूटकैम्प भी लगाए गए थे, जिनमें कर्मियों, उनके परिजनों एवं हितग्राहियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### विश्व योग दिवस पर हुआ कार्यक्रम



**ब्यौहारी-।** विश्व योग दिवस पर व्यवहारी में भव्य कार्यक्रम सुंदरी बाई हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया, कार्यक्रम आयुश विभाग, शिक्षा एवं उच्च शिक्षा, एवं नगर पालिका के सहयोग से आयोजित किया गया लोगों को योग सर्वप्रथम योग कराया गया फिर योग महत्व के बारे में बताया गया, विद्यालय प्रांगण पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत भारत द्वारा कदम का पौधा आरोपित किया गया योग ब्लॉक नोडल अधिकारी योगेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि नगर में सड़क बनने के कारण हजारों पेड़ काटे गए थे आज से नगर परिषद के अंतर्गत पौधारोपण का कार्यक्रम शुरू हो गया है और पूरे नगर में 15000 पेड़ लगाए जाएंगे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शरद कोल रहे, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्रह्मानंद श्रीवास्तव, मनोज केसरवानी, रवि द्विवेदी, पुष्पेंद्र पटेल, डॉ काजल गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, नीता साहू, जयप्रकाश गुप्ता, सुदामा गुप्ता, हीरालाल साहू, कमलेश मिश्रा, एजुकेट गर्ल संस्था से शेषमणि राठौर, राजेंद्र मिश्र , प्रोफेसर सुनील सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना वालंटियर एवं 500 की संख्या में महिला एवं पुरुष योग दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित हुये ।

## खबर संक्षेप



### विश्व योग दिवस पर सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया योग

बिरसिहपुर पाली मन, काया को निरोग रखने का उत्तम साधन है योग विश्व योग दिवस के बारहवी वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर आज सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली में आज गौरव पूर्ण माहौल में योग कार्यक्रम आयोजित कर उत्साह पूर्ण मनाया गया। विदित होवे की 27 सितम्बर 2014 में संयुक्त राष्ट्र महा सभा की बैठक में विश्व योग दिवस मनाने का प्रस्ताव 177 देशो के बीच पारित हुआ था, तब से ग्रीष्म काल में सूर्य के दक्षिणायन के प्रथम दिवस जो की साल का सबसे बड़ा दिन होने के कारण आज के दिन का चयन किया गया था। दक्षिणायन सूर्य आध्यात्मिक योग क्रियाओं के लिए उत्तम समय माना जाता है।योग भारत की प्राचीन परंपरा है जिससे मन और काया को मजबूत करने का उत्तम साधन के रूप में पाया जाता है। नियमित योग करने से शरीर निरोगी होकर पुष्ट होता है और मन विकार रहित होकर शतायु को प्राप्त करता है।आज दिनांक 21 जून 2026 को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बिरसिंहपुर पाली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारीगण, विद्यालय के व्यवस्थापक श्री नंदलाल प्रजापति जी, कोषाध्यक्ष श्री रमेश चंद्र वसरानी जी, समिति सदस्य श्री सुरेश अवधिया जी तथा समस्त आचार्य परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी ने स्वस्थ, निरोगी एवं संतुलित जीवन के लिए नियमित योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026का आयोजन



शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मप्र जन अभियान पाली इकाई के अंतर्गत योग, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य हरलाल अहिरवार, अनुभव श्रीवास्तव योग शिक्षक रामशरण उपाध्याय, समाज सेविका श्रीमति माया उपाध्याय, श्रीमति पुष्पा टेकाम, अनीता सिंह, कृष्णा विश्कर्मा, ऊषा प्रजापति, संजय साहू, कौशलेंद्र सूर्यवंशी, नर्मदा प्रसाद मिश्रा एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे

### केन्द्रीय विद्यालय एस ई सी एल नौरोजाबाद में योग दिवस का आयोजन



केंद्रीय विद्यालय एस.ई.सी.एल. नौरोजाबाद में दिनांक 21 जून 2026 को '12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। एस.ई.सी.एल. जोहिला क्षेत्र कार्यालय के तत्वाधान में यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह चौहान, महाप्रबंधक, एस.ई. सी.एल. जोहिला क्षेत्र रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री एन आर प्रसाद, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। प्राचार्य संतोष कुमार द्विवेदी द्वारा योग शपथ दिलवाई गई।मुख्य अतिथि द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ, शाल और श्रीफल के द्वारा स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने योग को जीवन का अनिवार्य अंग बनाने का आह्वान किया। तदुपरांत योग प्रशिक्षक जयराज तिवारी द्वारा योगा



प्रोटोकॉल के तहत योग अभ्यास कराया गया। जिनमें सूक्ष्म व्यायाम, योगासान, सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। साथ ही योग द्वारा शारीरिक विकार एवं बीमारियों से निदान के संबंध में भी अवगत कराया गया।इस वर्ष की थीम' स्वस्थ आयु के लिए योग' के तहत योग किया का संचालन हुआ। इन गतिविधियों में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी उत्साह पूर्वक भागीदारी की। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारियों एवं सैनिकों की भी उपस्थिति रही।छात्र-छात्राओं के विशेष समूह द्वारा 'संगीतमय योगा प्रदर्शन' किया गया। जिसमें लय के साथ विभिन्न योग मुद्राओं को प्रदर्शित किया गया जो कि अत्यंत सराहनीय रहा।धन्यवाद ज्ञापन श्री संतोष कुमार,एस ओ (खनन) द्वारा किया गया। कार्यकम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

## खबर संक्षेप

### लापता नाबालिग बालिका दस्तयाब

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर विक्रांत मुराब के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में बिजुरी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक गुमशुदा नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना बिजुरी में फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री 12 मई की रात को बिना बताए कहीं चली गई है, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने तत्काल अपराध क्र. 210/2026, धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। नाबालिग की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक के आदेश पर विशेष टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि पीड़िता सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती के कारण उक्त आरोपी के बहकावे में आकर उसके साथ गई थी। सायबर सेल की मदद से तकनीकी साक्ष्यों एवं मोबाइल टावर लोकेशन का गहन विश्लेषण कर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बेलखेड़ा, जबलपुर से नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया।

## टोल पूरा, सड़क अधूरा

# बुढ़ार-अमरकंटक मार्ग पर मौत के गड्ढे श्रद्धालुओं और यात्रियों की जान से खिलवाड़





मध्यप्रदेश की आध्यात्मिक राजधानी अमरकंटक को जोड़ने वाला बुढ़ार-अमरकंटक मार्ग बदहाली की ऐसी तस्वीर पेश कर रहा है, जिसे देखकर विकास के दावे शर्मसार हो रहे है। जगह-जगह जानलेवा गड्ढे, टूटे हुए शोल्डर और धूल-कीचड़ से भरी सड़क पर रोज हजारों वाहन गुजर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

हैरानी की बात यह है कि सड़क पर टोल वसूली जारी है, लेकिन रखरखाव पूरी तरह भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद जिम्मेदारों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

बुढ़ार से अमरकंटक तक राजेंद्रग्राम होकर निकलने वाला यह मार्ग केवल एक सड़क नहीं, बल्कि लाखों श्रद्धालुओं की आस्था और हजारों लोगों की दैनिक जरूरतों का प्रमुख रास्ता है। इसी मार्ग से प्रदेश ही नहीं, देशभर से श्रद्धालु मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक पहुंचते हैं। लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि सड़क पर वाहन चलाना किसी जोखिम भरे अभियान से कम नहीं रह गया है। सड़क के बड़े हिस्सों में गहरे गड्ढे बन चुके हैं, शोल्डर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और कई स्थानों पर सड़क धंसने लगी है। इसके बावजूद कमर्शियल वाहनों से टोल टैक्स की वसूली धड़ल्ले से जारी है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि रोजाना इसी मार्ग से मंत्री, विधायक, सांसद और जिले के जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारी गुजरते हैं, फिर भी सड़क की दुर्दशा किसी को दिखाई क्यों नहीं दे रही है? आखिर एमपीआरडीसी की यह सड़क कब तक लोगों की जान लेती रहेगी और जिम्मेदार विभाग कब जागेगा?

### टोल वसूली पूरी, सुविधाएं शून्य

बुढ़ार-अमरकंटक मार्ग पर चलने वाले कमर्शियल वाहनों से नियमित रूप से टोल टैक्स वसूला जा रहा है। नियम कहते हैं कि टोल के बदले यात्रियों को बेहतर सड़क और सुरक्षित यात्रा मिलनी चाहिए, लेकिन यहां तस्वीर बिल्कुल उलट दिखाई देती है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि वाहन चालक गड्ढों से बचने के लिए जान जोखिम में डालकर वाहन चलाने को मजबूर हैं। सवाल उठता है कि जब टोल वसूला जा रहा है तो सड़क सुधार के लिए धन कहां खर्च हो रहा है?

### गड्ढों में सड़क या सड़क में गड्ढे?

इस प्रमुख मार्ग पर कई स्थान ऐसे हैं जहां सड़क नजर ही नहीं आती, केवल गड्ढे दिखाई देते हैं। बरसात शुरू होते ही ये गड्ढे पानी से भर जाते हैं और दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन वाहन फिसल रहे हैं और लोग घायल हो रहे हैं, लेकिन मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है।

### अमरकंटक आने वाले की मुसीबत

अमरकंटक विश्व प्रसिद्ध धार्मिक और पर्यटन स्थल है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। खराब सड़क के कारण श्रद्धालुओं को धूल और झटकों का सामना करना पड़ रहा है। पहली बार आने वाले पर्यटक सड़क की हालत देखकर हैरान रह जाते हैं। इससे न केवल क्षेत्र की छवि खराब हो रही है बल्कि पर्यटन और स्थानीय व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### रोज गुजरते हैं जनप्रतिनिधि, फिर भी नहीं दिखती बदहाली

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इसी मार्ग से मंत्री, विधायक, सांसद और बड़े अधिकारी लगातार आवागमन करते हैं। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत को लेकर कोई ठोस पहल दिखाई नहीं देती। जनता सवाल पूछ रही है कि आखिर सड़क की यह दुर्दशा जिम्मेदारों को क्यों नहीं दिखती है? क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है? जनप्रतिनिधियों की चुप्पी लोगों में नाराजगी पैदा कर रही है।

### एमपीआरडीसी की लापरवाही या हादसों को खुला निमंत्रण?

मार्ग की देखरेख की जिम्मेदारी डच्त्क्ब पर है, लेकिन मौजूदा हालात विभागीय लापरवाही की कहानी बयां कर रहे हैं। सड़क के टूटे किनारे, धंसे हिस्से और गहरे गड्ढे किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों ने तत्काल मरम्मत की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क का सुधार नहीं हुआ तो यह मार्ग श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए ष्मौत का रास्ता साबित हो सकता है।

## जिम्मेदारों की लापरवाही पर उठे सवाल

# सड़क पर बिखरी निर्माण सामग्री से थमी शव यात्रा





हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 1 में रविवार को एक निर्माणाधीन भवन के लिए सड़क पर बिखेरी गई निर्माण सामग्री के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। हालात उस समय और अधिक गंभीर हो गए जब वार्ड क्रमांक 6 की एक दिवंगत महिला की शवयात्रा को मुक्तिधाम ले जाने के दौरान लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सड़क पर फैली गिट्टी, रेत और अन्य निर्माण सामग्री के बीच से होकर लोगों को किसी तरह अंतिम यात्रा निकालनी पड़ी। घटना ने नगर पालिका प्रशासन, निर्माण एजेंसी और भवन स्वामी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### बिना अनुमति निर्माण का आरोप, सड़क बनी बाधा

वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद गणेश रौतेल ने आरोप लगाया कि संबंधित भवन का निर्माण बिना आवश्यक अनुमति के किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निर्माण सामग्री को सार्वजनिक मार्ग पर इस तरह फैला दिया गया कि आम नागरिकों का आवागमन तक बाधित हो गया। स्थिति इतनी गंभीर थी कि अंतिम यात्रा में शामिल लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य वैध है तो सार्वजनिक सड़क को अवरुद्ध करने की अनुमति किसने दी और यदि अनुमति नहीं है तो प्रशासन अब तक कार्यवाही क्यों नहीं कर पाया है।

### सीएमओ से नहीं हुआ संपर्क, एसडीएम को दी गई सूचना

मामले की गंभीरता को देखते हुए पार्षद गणेश रौतेल ने नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने तत्काल अनूपपुर एसडीएम को पूरे घटनाक्रम की जानकारी देकर हस्तक्षेप करने और आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते सक्रिय होता तो इस प्रकार की स्थिति निर्मित नहीं होती और लोगों को अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील अवसर पर परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता।

### ठेकेदार की मनमानी और नगर पालिका की उदासीनता पर सवाल

स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार की मनमानी, भवन स्वामी की हठधर्मिता और नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता के कारण वार्ड क्रमांक 1 एवं 6 के रहवासियों को पूरे दिन परेशानियों का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि यह क्षेत्र नगर पालिका अध्यक्ष अंजुलिका शैलेंद्र सिंह के वार्ड से भी जुड़ा हुआ है। इसके बावजूद सार्वजनिक मार्ग पर निर्माण सामग्री डालकर आवागमन बाधित किए जाने की घटना ने नगर पालिका की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नागरिकों ने मांग की है कि सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण कार्यों की जांच कर दोषियों पर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### जनता की मांग

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक सड़कों पर निर्माण सामग्री डालकर आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। साथ ही बिना अनुमति संचालित निर्माण कार्यों की जांच कर जिम्मेदारों पर दंडात्मक कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में किसी शवयात्रा, एम्बुलेंस या अन्य आपातकालीन सेवा को इस प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



उमरिया।

वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकारों को मान्यता प्रदान किए जाने संबंधी दो दिवसीय क्षमता संवर्धन (कैपेसिटी बिल्डिंग) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड पाली स्थित माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर के सभाकक्ष में किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में मास्टर ट्रेनर सुश्री पुष्पा तेकाम एवं संजय पांडेय द्वारा प्रथम दिवस में दिए गए प्रशिक्षण विषयों की पुनरावृत्ति कर प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान किया गया। प्रशिक्षण में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रावधानों, सामुदायिक वन अधिकारों तथा धारा 3(1)(प) के अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधन संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकारों को मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी गई।

मास्टर ट्रेनर श्री संजय पांडेय ने प्रशिक्षण के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए उपस्थित पटवारियों, वनरक्षकों एवं सचिव/ जीआरएस प्रशिक्षणार्थियों के 10 मिश्रित समूह बनाए तथा उन्हें प्रायोगिक अभ्यास एवं प्रस्तुतीकरण कराया। यह अभ्यास दो चरणों में संपन्न हुआ।

प्रथम चरण में सामुदायिक अधिकारों हेतु दावा प्रपत्र (प्रारूप-ख) भरने तथा उससे संबंधित समस्त आवश्यक प्रपत्रों को पूर्ण करने का अभ्यास कराया गया। प्रत्येक समूह द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने से लेकर ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कराने तथा उसे उपखंड स्तरीय समिति को प्रेषित करने तक की संपूर्ण प्रक्रिया का रोल प्ले के माध्यम से प्रदर्शन किया गया।

द्वितीय चरण में प्रशिक्षणार्थियों को सामुदायिक वन संसाधन संरक्षण एवं प्रबंधन संबंधी दावों के लिए प्रारूप-ग भरने, आवश्यक एवं अनावश्यक प्रपत्रों की पहचान करने तथा संपूर्ण प्रक्रिया को समझने हेतु रोल प्ले आधारित प्रस्तुति कराई गई।

प्रायोगिक प्रशिक्षण एवं रोल प्ले आधारित गतिविधियों को प्रशिक्षणार्थियों ने अत्यंत रोचक एवं उपयोगी बताया। प्रतिभागियों ने कहा कि इस व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से उनकी अधिकांश शंकाओं का समाधान हो गया है तथा अब वे अपने-अपने क्षेत्रों में पात्र समितियों के माध्यम से दावों की तैयारी, आवश्यक अनुशंसाएं एवं प्रपत्रों पर सटीक टिप्पणियों सहित प्रकरणों को उपखंड स्तरीय समिति को प्रेषित करने में सक्षम होंगे।

# जीआरपी एवं आरपीएफ टास्क टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय बदमाश का पर्दाफाश






हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

19 जून को रेलवे स्टेशन अनूपपुर में जीआरपी (शासकीय रेल पुलिस) एवं रेल सुरक्षा बल (टास्क टीम) द्वारा आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिये लगातार चलाये जा रहे अभियान प्लेटफार्म व ट्रेन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति यात्रियों की भीड में संदिग्ध अवस्था में यात्रियों के सामानों की ताकझाक करते दिखाई पडा जो पुलिस को देखकर भागने के प्रयास करने लगा तब हमराह स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर रोका गया जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम लक्ष्मण बंसल पिता हीरामणी बंसल उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड नं.1 अटल आवास केराडोल थाना पोडी जिला एमसीबी छ0ग0 का रहने वाला बताया जिससे स्टेशन आने के संबंध में पूछताछ करने पर गोलमोल जबाब देने लगा संदिग्ध लगने पर जीआरपी चौकी अनूपपुर लाकर कडाई से पूछताछ करने पर बताया कि अप्रैल महीने में रात्रि में अमरकंटक एक्सप्रेस में अनूपपुर स्टेशन से जैसे ही गाडी खुली थी मैं जनरल कोच एक महिला यात्री का बैग लेकर कूद गया था एवं दो अन्य ट्रेनों में भी चोरी की घटना स्वीकर किया एवं बताया कि चोरी किया हुआ सामान सोना चांदी और नगदी अपने घर केराडोल में छिपा कर रखा हूँ। आरोपी के बताये अनुसार अप.क्र.1/26 धारा 305(सी) बीएन्नएस के मामले में नगदी 1000 रूपये, अप.क्र.68/26 धारा 305(सी) बीएन्नएस के मामले में एक सोने का झुमका कीमती 90000 रूपये, एक सोने का लाकेट कीमती 12000, नगदी 3000 रूपये एवं अप.क्र.72/26 धारा 305(सी) बीएन्नएस के मामले में एक मंगलसूत्र कीमती 40000 रूपये, एक कान के टाप्स कीमती 22000 रूपये, जितिया कीमती 11000 रूपये, चांदी की पायल कीमती 10000 रूपये कुल मसरूका 189000 रूपये का मसरूका आरोपी के घर केराडोल से जप्त किया गया। आरोपी का आपराधिक रिकार्ड होने से गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में शासकीय रेल पुलिस चौकी प्रभारी सउनि प्रीतम सिंह, सउनि विनोद गौतम, आरक्षक मनोज यादव, संजीत शर्मा एवं रेल सुरक्षा बल (टास्क टीम) अनूपपुर के सउनि अमरेन्द्र सिंह, आर.डी के पाल की मुख्य भूमिका रही।

### जनगणना ड्यूटी में लगे शिक्षकों के तबादले पर भगवा पार्टी ने उठाए सवाल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय गण वार्ता के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल मिश्र ने आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा जारी हालिया शिक्षक स्थानांतरण आदेशों पर गंभीर आपत्ति जताते हुए कहा है कि यदि जनगणना-2027 के कार्य में संलग्न शिक्षकों एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है, तो यह शासन एवं भारत सरकार के स्पष्ट निर्देशों के विपरीत है। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए श्री मिश्र ने कहा कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि जनगणना कार्य में नियुक्त प्रगणक, पर्यवेक्षक एवं अन्य कर्मचारियों का स्थानांतरण जनगणना कार्य पूर्ण होने तक नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद आदिम जाति कल्याण विभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती सरिता नायक द्वारा जारी स्थानांतरण सूची में ऐसे कर्मचारियों के नाम शामिल होने की जानकारी सामने आ रही है, जिनकी ड्यूटी जनगणना कार्य में लगी हुई है।

## वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की विजेता बन 6 दिवसीय श्रीलंका सांस्कृतिक यात्रा पर रवाना

# भालूमाड़ा की बेटी आकृति मिश्रा ने बढ़ाया अनूपपुर का गौरव





हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।

जिले के भालूमाड़ा क्षेत्र की प्रतिभाशाली बेटी आकृति मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। चौथे वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस जबलपूर के अंतर्गत आयोजित एमवाईआरए (मेकिंग युथ रामायण एमवेसटर) ऑनलाइन प्रतियोगिता में देशभर से शामिल प्रतिभागियों के मध्य उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आकृति मिश्रा ने विजेताओं की सूची में स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के फलस्वरूप आकृति का चयन 17 से 22 जून तक आयोजित 6 दिवसीय श्रीलंका सांस्कृतिक एवं रामायण अध्ययन यात्रा के लिए किया गया। प्रतियोगिता के परिणामों में देशभर से केवल पांच प्रतिभागियों का चयन हुआ, जिनमें अनूपपुर जिले की आकृति मिश्रा भी शामिल रहीं। आकृति मिश्रा, भालूमाड़ा वार्ड क्रमांक 17 हालो ब्लॉक निवासी जानकी शरण मिश्रा एवं श्रीमती प्रतिमा मिश्रा की सुपुत्री हैं। उनके माता-पिता दोनों ही शिक्षा जगत से जुड़े प्रतिष्ठित शिक्षक हैं। आकृति की प्रारंभिक शिक्षा जे.ई.एम. हायर सेकेंडरी स्कूल, जमुना कॉलरी में हुई। वे प्रारंभ से ही अध्ययन, संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों के क्षेत्र में उत्कृष्ट रही हैं। वर्ष 2024 की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उन्होंने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया था। वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के तत्वावधान में आयोजित इस विशेष यात्रा के दौरान युवा रामायण एम्बेसडरों का दल श्रीलंका में रामायण काल से जुड़े ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर रहा है। यात्रा के दौरान अशोक वाटिका, सीता अम्मन मंदिर सहित रामायण से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण स्थलों के दर्शन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता की जाएगी। यह यात्रा भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा एवं रामायण के वैश्विक संदेश को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। श्रीलंका पहुंचने पर आकृति मिश्रा एवं अन्य युवा रामायण एम्बेसडरों का पारंपरिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय संस्कृति और रामायण के आदर्शों का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया। आकृति की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर भालूमाड़ा, अनूपपुर एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण है। सामाजिक संगठनों, शिक्षाविदों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। एक छोटे नगर की बेटी का अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचना न केवल परिवार बल्कि पूरे अनूपपुर जिले के लिए गर्व और सम्मान का विषय है।

## अवैध रेत (खनिज) उत्खन्न परिवहन करने वाले एक ट्रेक्टर एवं आरोपी के विरूध्द की गई कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब द्वारा अवैध खनिज उत्खन्न करने वाले माफिया के विरूद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम, एसडीओ(पी.) पुष्पराजगढ़ नवीन तिवारी के निर्देशन एवं थाना प्रभारी जैतहरी निरीक्षक अमर वर्मा के नेतृत्व में की गई कार्यवाही। 20 जून को वेंकटनगर चौकी पुलिस को दौरान भ्रमण ग्राम कदमसरा में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भेलमा गूजर नाला से अवैध खनिज रेत का चोरी से उत्खन्न कर एक नीले रंग का स्वराज ट्रेक्टर ट्राली में ट्रेक्टर चालक रेत लोड करके ग्राम लपटा तरफ रेत बेंचने जाने वाला हैं जो मुखबिर के बताये स्थान ग्राम मुण्डा से लपटा की ओर जाने बाले रोड़ पर पहुंचकर साक्षीयो के साथ रोड़ पर ट्रेक्टर का इंतजार किया जो कुछ देर बाद मुण्ड़ा तरफ से एक नीले रंग का स्वराज कंपनी का ट्रेक्टर आता दिखाई दिया जिसे हाथ देकर रूकवाया गया बाद उक्त साक्षीयो के समक्ष उक्त स्वराज ट्रेक्टर को चेक किया गया तो एक स्वराज कंपनी का ट्रेक्टर नीले रंग का ट्रेक्टर में लगी ट्राली में 02 घन मीटर रेत खनिज लोड होना पाया गया जो उक्त ट्रेक्टर चालक से पूछतांछ की गई तो अपना नाम आशीष राठौर पिता होरीलाल राठौर उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम मुण्डा थाना जैतहरी का होना बताया जिसे मौके पर धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस देकर उक्त ट्रेक्टर की ट्राली में लोड़ रेत खनिज की वैध टीपी. एवं ट्रेक्टर ट्राली में रेत कहां से लोड़ की थी एवं उक्त ट्रेक्टर ट्राली का मालिक कौन है जो चालक आशीष राठौर नें नोटिस का लिखित में जवाब दिया की स्वराज ट्रेक्टर मेरे पिता के नाम है होरीलाल राठौर जो मेरे पापा है जो उड़ीशा मजदूरी करने गये है रेत गूजर नाला से लाया हूं रेत के मेरे पास कोई कागजात टी.पी. नही है एवं ट्रेक्टर के रजिस्ट्रेशन कार्ड, बीमा कागजात एवं स्वयं के लर्निंग लाईसेंस की छायाप्रित पेश किया ट्रेक्टर चालक आशीष राठौर के द्वारा अवैध रूप से रेत (खनिज) चोरी कर परिवहन करना पाया गया जो उक्त स्वराज कंपनी के ट्रेक्टर चालक आशीष राठौर का कृत्य 303(2), 317(5), 305(ई) बीएनएस एवं 4/21 खनिज अधिनियम के तहत दण्डनीय पाये जाने से उक्त स्वराज ट्रेक्टर मय नीले रंग की ट्राली में लोड़ 02 घन मीटर अवैध रेत खनिज ट्रेक्टर ट्राली किमती 500000 रूपये एवं रेत खनिज किमती 3000 रूपये कुल कीमती 503000 रूपये का एवं चालक द्वारा पेश किये गये वाहन के दस्ताबेज की छायाप्रति समक्ष गवाहन आरोपी ट्रेक्टर चालक आशीष राठौर से जप्त कर कब्जे पुलिस में लिया गया जप्त शुदा सम्पत्ति को चौकी वेंकटनगर लाकर सुरक्षार्थ चौकी परिसर में खड़ा कराया गया है। आरोपी वाहन चालक आशीष राठौर के विरूद्ध धारा 303(2),305(म), 317(5) ठछै, 4/21 खनिज अधिनियम का अपराध पंजीबध्द किया गया है।